2071589/2024/Purchase NRCE

भा.कृ.अनु.प - .राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र
सिरसा रोड, हिसार -125 001(हरियाणा)

सरसों दाना और भूसा की नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि केन्द्र में सरसों दाना मात्रा लगभग 180 क्विंटल व भूसा मात्रा लगभग 200 क्विंटल फार्म उपज की दिनांक 15-05-2024 को प्रात: 11.00 बजे खुली नीलामी होगी | इस सन्दर्भ में अधिक जानकारी केन्द्र की वेबसाइट http://nrce.gov.in पर उपलब्ध है |

सहायक प्रशासनिक अधिकारी

राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र
सिरसा रोड़, हिसार– 125001

सरसों दाना व भूसा की बोली/नीलामी की शर्ते

1. सरसों दाना व भूसा क्रमशः लगभग 180 क्विंटल व 200 क्विंटल की बोली/नीलामी बिना सफाई के, जहाँ है, जैसा है के आधार पर की जाएगी। जो की तुलाई के समय पर कम या ज्यादा संम्भव हो सकता है।
2. जो इच्छुक खरीददार बोली/नीलामी में भाग लेना चाहते है, वे क्रमशः रू0 20000/– व रू0 5000/– की जमानत राशि केन्द्र के कैशियर के पास जमा कर टोकन प्राप्त कर बोली में भाग ले सकते है।
3. इच्छुक खरीददार सरसों दाने व भूसे का निरीक्षण किसी भी कार्य दिवस में सुबह 9.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक प्रभारी फार्म से सम्पर्क करके कर सकते है व अपनी उच्चतम बोली लगाकर माल खरीद सकते है।
4. बोली स्वीकार होने पर सरसों दाना व भूसा क्रमशः लगभग 180 क्विंटल व 200 क्विंटल की कुल कीमत की 25 प्रतिशत राशि मौके पर जमा करनी होगी तथा दस दिन के अन्दर केन्द्र के गोदाम/फार्म से माल उठाकर व तुलाई करवाकर शेष राशि जमा करवा करके ले जाना होगा। समय पर माल नही ले जाने पर रू 2000/–प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना देना होगा।
5. सरसों दाना व भूसा समय पर नही उठाने की स्थिति में तथा दाने व भूसे की तुलाई, भराई, लोड करना व ले जाने आदि कार्य के दौरान केन्द्र का नुकसान होने पर खरीददार की जिम्मेदारी होगी तथा नुकसान की भरपाई खरीददार द्वारा करनी होगी।
6. दाने व भूसे की तुलाई, भराई, लोड करना, साधन व्यवस्था तथा अन्य खर्चे खरीददार को स्वंय उठाने होगें।
7. खरीदे गए माल पर किसी भी प्रकार के कर/टैक्स, यदि लागू होते है तो ऐसे कर/टैक्स खरीददार को स्वंय वहन करने होंगे। किसी भी प्रकार के कर/टैक्स की देनदारी संस्थान की नही होगी।
8. किसी भी प्रकार के विवाद/मुकदमे का निपटारा, हिसार जिला न्यायालय में ही होगा।
9. किसी भी बोली को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार केन्द्र के निदेशक महोदय के पास सुरक्षित होगा।